## महत्वपूर्ण एवं खास

### हण्डी चौक पर सड़क दुर्घटना का मामला, घटनाकारित बस को जब्त किया

रायगढ़। हंडी चौक के पास हुई दुर्घटना के संबंध में थाना कोतवाली में दर्ज अपराध क्रमांक 69/19 धारा 304 (ए) भादंवि की विवेचना दरम्यान सीसीटीवी फुटेज से दुर्घटना कारित बस के जिंदल तमनार के होने की जानकारी मिली थी, गवाहों के बयान के आधार पर बस क्रमांक सीजी 13 D-4268 के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा आरटीओ से जानकारी प्राप्त कर तमनार पावर प्लांट जाकर बस के मूव्हमेंट रजिस्टर चेक किया गया जिसमें जानकारी मिली कि 20 जनवरी को 08.10 बजे तमनार से ड्राइवर शिवशंकर द्विवेदी सीजी 13 डी-4267 को लेकर रायगढ़ गया था रात्रि 12.30 बजे वापस पावर प्लांट आया है। अपराध में वाहन क्रमांक सीजी 13 डी-4268 का नाम आने तथा विवेचना में वाहन क्रमांक सीजी 13 डी 4267 द्वारा अपराध घटित करना पाए जाने पर दोनों बसों को पुलिस लाइन रायगढ़ में लाकर गवाहों से पहचान कराया गया तथा CCTV फुटेज से मिलान पश्चात दुर्घटना कारित बस सीजी 13 डी-4267 को जप्त किया गया है।

### खरसिया नगर को प्राप्त हुई एक और चार्टर्ड अकाउंटेंट खुशबू अग्रवाल के रूप में

**आशीष ट्रेडर्स के कैलाश अग्रवाल की हैं सुपुत्री**

रायगढ़। खरसिया शहर की प्रतिष्ठित फर्म बनारसीदास कैलाशचंद के संचालक कैलाश अग्रवाल की सबसे छोटी पुत्री खुशबू अग्रवाल ने 23 जनवरी को घोषित चार्टर्ड अकाउंटेंट के परीक्षा परिणामों में सफलता अर्जित कर सी.ए बनने का गौरव प्राप्त किया है खुशबू अग्रवाल के चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने पर खरसिया शहर सहित अग्रवाल समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खुशबू के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की है तो वहीं दूसरी ओर खुशबू अग्रवाल ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा परिजनों को दिया है। प्रारम्भ से मेघावी रही खुशबू को अपनी मंजिल मिलने पर कोटिशः बधाईयां...

### केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री साय का दौरा कार्यक्रम

रायगढ़। केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री विष्णुदेव साय 27 जनवरी को बगिया से प्रस्थान कर शाम 6.30 बजे खरसिया आयेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री साय रात्रि 9 बजे खरसिया से बगिया के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ग्राम-किरिया में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

रायगढ़। जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के ग्राम-किरिया में 28 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

### छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध प्लास्टिक व हेयर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ यतीन्द्र देवांगन 29 जनवरी को डॉ. आर एल हॉस्पिटल में रहेंगे उपलब्ध

रायगढ़। शहर के प्रसिद्ध डॉ. आर एल हॉस्पिटल व टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध प्लास्टिक व हेयर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ यतीन्द्र देवांगन (एम.सी.एच.) विशेष तौर पर उपचार व सलाह के लिए 29 जनवरी मंगलवार को दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक रहेंगे।

## नाम जोड़वाने व कटवाने में सारंगढ़ सबसे पीछे, रायगढ़ सबसे आगे

रायगढ़। मतदाता सूची में संशोधन के लिए सारंगढ़ विधानसभा सबसे पीछे हो चला है और रायगढ़ विधानसभा सबसे ज्यादा आवेदन आए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची में नाम जोड़वाने व कटवाने में जिले में आए अब तक 31 हजार आवेदन आ गए हैं और शुक्रवार को इसका आखिरी दिन है।

विस के बाद जिले में महीने भर से मतदाता सूची का पुनरीक्षण का काम चल रहा था। बीएलओ डोर टू डोर सर्वे करने के बाद मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने एवं संशोधन के लिए आवेदन ले रहे थे। इसके लिए शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए 25 जनवरी तक



आवेदन मंगाए थे। जिले में मतदाता सूची के लिए अब तक जो आवेदन आए हैं। उसमें रायगढ़ विधानसभा में सर्वाधिक आवेदन आए हैं। निर्वाचन के रिकार्ड के अनुसार गुरूवार तक रायगढ़ विस में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने एवं संशोधन के लिए कुल 10 हजार 130 आवेदन आए थे। इसके बाद धरमजयगढ़ विस में भी 8 हजार 110 लोगों ने लोक सभा से पहले मतदाता सूची में नाम जोड़ने एव निरस्त करने में रूचि दिखाई है। इसी तरह खरसिया में 5170 आवेदन एवं लैलूंगा विधानसभा में 5 हजार 24 आवेदन आए हैं। जबकि सारंगढ़ विस सबसे पीछे है। यहां पर कुल 2 हजार 209 लोगों ने ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने या कटवाने के लिए आवेदन दिया है।

जिले में मतदाता सूची के लिए गुरूवार तक करीब 31 हजार से अधिक आवेदन मिल गए थे। इसमें नाम जोड़ने के ही 14 हजार 6 सौ से अधिक आवेदन आए हैं। शुक्रवार को जिले वासियों के लिए आवेदन करने का यह अंतिम अवसर होगा।

## लक्की चामस् इवेंट द्वारा गणतंत्र दिवस पर देश के रंग कार्यक्रम का आयोजन

**ग्रैंड मॉल के सामने होगा भव्य आयोजन**

रायगढ़। लक्की चामस् इवेंट द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के रंग कार्यक्रम का आयोजन ग्रैंड मॉल में किया जा रहा है। जिसमें डांस के साथ चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह पूरा कार्यक्रम देश भक्ति पर आधारित रहेगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी देश भक्ति पर आधारित पेंटिंग बनायेंगे वहीं देश भक्ति गीतों पर अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। लक्की चामस् इवेंट द्वारा शहर के हृदय स्थल गौरीशंकर मंदिर चौक स्थित ग्रैंड मॉल में पहली बार यह आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में चित्रकला प्रतियोगिता में 4 साल से 14 साल तक के बच्चे भाग ले सकते हैं वहीं डांस प्रतियोगिता में आयु सीमा नहीं रखी गई है। संपूर्ण प्रतियोगिता निःशुल्क है। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। वहीं डांस प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले प्रतिभागी को 3100/-, द्वितीय 2100/- और तीसरे स्थाने पर आने वाले प्रतिभागी को 1100/- रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए विनायक गुप्ता 9131406352, शुभम गोयल 9685822219 से संपर्क कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में लक्की चामस् इवेंट ने समस्त रायगढ़ वासियों को शामिल होने की अपील की है।

## सट्टा एक्ट की कार्यवाही

रायगढ़। पुलिस चौकी खरसिया में पदस्थ प्रधान आरक्षक चित्रान्गद चन्द्रा व हमराह स्टाफ द्वारा द्वारा दिनांक 23.01.19 को मुखबिर सूचना पर हमालपारा बस स्टैण्ड के पास अंकित वैष्णव उर्फ बिट्टू पिता संतोष वैष्णव उम्र 19 साल को सट्टा पट्टी लिखते पकडे जिसके कब्जे से एक सट्टा पट्टा पर्ची एवं नगदी रकम 2700 /- रूपये जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना खरसिया में अप.क्र. 36/19 धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## अज्ञात पिकअप की ठोकर से बाइक सवार दो लोग गंभीर, अस्पताल में भर्ती

रायगढ़। चंद्रपुर से सारंगढ़ की ओर आ रहे मोटरसायकल सवार लोगो को ग्राम गवालीनडीह के समीप अज्ञात पिकअप चालक ने जोरदार ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे सूचना पर मौके पर पहुंचे डायल 112 की टीम ने तत्काल सीएचसी सारंगढ़ में भर्ती कराया।


घायलों के नाम परदेशी राम उम्र- 45 साल निवासी कपाटी एवं पितांबर चौहान उम्र- 28 साल निवासी बरपेलाडीह है।

## इप्टा रायगढ़ का रजत जयंती नाट्योत्सव 27 से

रायगढ़। रायगढ़ जैसी संस्कृतिधानी में इप्टा सन् 1994 से नियमित रूप से पाँच दिवसीय नाट्य समारोह आयोजित करती आ रही है। इस वर्ष 25 वाँ नाट्य समारोह 27 से 31 जनवरी 2019 तक आयोजित है। इस वर्ष चार नाटक एवं दो फीचर फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। सबसे पहले नाट्योत्सव में जिन नाट्य दलों ने भाग लिया था, उनमें से आज तक सक्रिय दो नाट्य दलों को इस रजत जयंती नाट्योत्सव में भी आमंत्रित किया गया है। कोसल नाट्य अकादमी, रायपुर के निर्देशक मिर्जा मसूद का नाटक 'कोर्टमार्शल' और इप्टा रायपुर के निर्देशक मिनहाज असद का नाटक 'बंदिनी' प्रथम नाट्योत्सव में मंचित हुए थे। इस वर्ष मिर्जा मसूद के निर्देशन में 'सुबह होने वाली है' तथा मिनहाज असद के निर्देशन में 'बोल कि लब आजाद हैं तेरे' मंचित किया जाएगा

## पटवारियों की मनमानी रवैये से व्यापारी हलकान

रायगढ़। जमीन खरीदी-बिक्री के रिकार्ड दुरुस्त अथवा नामांतरण के नाम पर पटवारियों द्वारा उगाही किए जाने का आरोप व्यापारियों ने लगाया है। चैंबर अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि नामांतरण अथवा रिकार्ड दुरुस्त किये जाने के प्रकरण लंबित है। संबंधित क्षेत्र में पटवारियों को होने के बावजूद रिकार्ड दुरुस्त क्यों नहीं किया जाता है इसकी पड़ताल जिला प्रशासन सभी पटवारियों के रिकार्ड तलब कर करें। उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या रिकार्ड दुरुस्त करने की जवाबदारी व्यापारियों की है। नामांतरण अथवा रिकार्ड दुरुस्त करने व्यापारियों को अपने



संस्थान बन्दकर पटवारी, आरआई व नजूल अधिकारी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धारा 109 (1) का हवाला देते हुई चेंबर अध्यक्ष ने बताया है कि जमीन खरीदी-बिक्री की रजिस्ट्री की प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से पटवारी के कम्प्यूटर रिकार्ड में पहुंच जाती है। इसी के आधार पर पटवारी को विक्रेता के आवेदन के आधार छह माह में अनिवार्य रूप से रिकार्ड दुरुस्त अथवा नामानन्तरण करना होता है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पटवारी इस कार्य के एवज में रूपयों की मांग करते हैं। क्षेत्र के पटवारियों पर नामांतरण अथवा रिकार्ड दुरस्ती के नाम पर अनावश्यक विलंब करने एवं अवैध उगाही का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा है कि अपनी पदस्थापना के बाद से किस पटवारी ने कितने रिकार्ड दुरुस्त किये हैं, इसकी जानकारी मांगी जानी चाहिए।

अध्यक्ष ने पीड़ितों से शिकायत की अपील की है।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

**मुख्य बिन्दु**

**पीड़ित संपर्क करें**

**अन्य बिन्दु**

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU








**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480